IX-1 वार्षिक परीक्षा सन् 2024 ई० A

# हिन्दी (केवल प्रश्न–पत्र)

समय–3 घण्टा 15 मिनट कक्षा – 9 पूर्णांक – 70

निर्देशः–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

नोट :–(i) यह प्रश्न प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं खण्ड–ख (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।

## खण्ड–क (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. 'सरस्वती' पत्रिका के प्रसिद्ध सम्पादक हैं :– 1
   (क) प्रेमचन्द (ख) सम्पूर्णानन्द
   (ग) महावीरप्रसाद द्विवेदी (घ) श्यामसुन्दरदास।
2. भारतेन्दु युग के उपन्यासकार हैं :– 1
   (क) देवकीनन्दन खत्री (ख) बालकृष्ण भट्ट
   (ग) लाला श्रीनिवासदास (घ) ये सभी।
3. 'अंधेरे नगरी' के रचनाकार हैं :– 1
   (क) प्रतापनारायण मिश्र (ख) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
   (ग) हरिकृष्ण प्रेमी (घ) रामकुमार वर्मा।
4. 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' के नाटककार हैं :– 1
   (क) जयशंकर प्रसाद (ख) रामकुमार वर्मा
   (ग) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (घ) लक्ष्मीनारायण लाल।
5. द्विवेदीयुगीन साहित्यकार हैं :– 1
   (क) श्यामसुन्दरदास (ख) मोहन राकेश
   (ग) महादेवी वर्मा (घ) धर्मवीर भारती।
6. महादेवी वर्मा को कौन–सा पुरस्कार प्राप्त हुआ :– 1
   (क) ज्ञानपीठ (ख) भारत–भारती
   (ग) सेकसरिया (घ) ये सभी।
7. आदिकाल को किस अन्य नाम से जाना जाता है :– 1
   (क) मध्यकाल (ख) श्रृंगारकाल
   (ग) वीरगाथाकाल (घ) युद्धकाल।
8. 'खुमान रासो' के रचयिता हैं :– 1
   (क) जगनिक (ख) नरपति नाल्ह
   (ग) दलपति विजय (घ) भट्टकेदार।
9. साखीं, सबद, रमैनी किसकी रचना हैं :– 1
   (क) कबीरदास (ख) रैदास
   (ग) कुतुबन (घ) दादू दयाल।
10. हिन्दी–साहित्य में किस काल को 'स्वर्ण युग' कहा जाता है :– 1
    (क) रीतिकाल (ख) आदिकाल
    (ग) भक्तिकाल (घ) आधुनिककाल।

(पृष्ठ पलटिए)

11. छायावाद का प्रवर्त्तक माना जाता है :- 1

(क) जयशंकर प्रसाद को (ख) सुमित्रानन्दन पन्त को

(ग) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' को (घ) महादेवी वर्मा को।

12. "लता ओट तब सखिन्ह लखाए। स्यामल गौर किसोर सुहाए।" पंक्ति में प्रयुक्त रस है :- 1

(क) शान्त रस (ख) वत्सल रस

(ग) वीर रस (घ) श्रृंगार रस।

13. किस छन्द के चारों चरणों में क्रमशः 13–11, 13–11 मात्राएँ होती हैं :- 1

(क) दोहा (ख) सोरठा

(ग) चौपाई (घ) रोला।

14. 'कहत नटत रीझत खिझत, मिलत खिलत लजियात' में प्रयुक्त अलंकार है :- 1

(क) उपमा (ख) उत्प्रेक्षा

(ग) श्लेष (घ) अनुप्रास।

15. शुद्ध शब्द है :- 1

(क) पण्डित (ख) मन्डित

(ग) घन्टा (घ) रन्क।

16. निम्नलिखित में तत्सम शब्द है :- 1

(क) हिय (ख) उलूक

(ग) काठ (घ) सिर।

17. 'दानव' का विलोम शब्द है :- 1

(क) दैत्य (ख) मानव

(ग) देवता (घ) लोग।

18. धनुष का पर्यायवाची है :- 1

(क) तनु (ख) सर

(ग) धनु (घ) विहंगम।

19. 'समुद्र' का समास–विग्रह है :- 1

(अ) समुद्र के पास (ब) समुद्र के विषय में

(स) मद्र के साथ (द) मद्र देश की समृद्धि।

20. 'भानु' में विभक्ति और वचन है :- 1

(क) प्रथमा विभक्ति, बहुवचन (ख) द्वितीया विभक्ति, द्विवचन

(ग) तृतीया विभक्ति, एकवचन (घ) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन।

## खण्ड–ब (वर्णात्मक प्रश्न)

21. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

"अरे मूर्ख, यह क्यों नहीं कहता कि जो कुछ न होना था, हो चुका। जो कुछ होना था, वह कहाँ हुआ? माँ–बाप ने बेटे का सेहरा कहाँ देखा? मृणालिनी का कामना–तरु क्या पल्लव और पुष्प से रंजित हो उठा? मन में वह स्वर्ण–स्वप्न जिनसे जीवन आनन्द का स्रोत बना हुआ था, क्या पूरे हो गए? जीवन के नृत्यमय तारिका–मण्डित सागर में आमोद की बहार लूटते हुए क्या उसकी नौका जलमग्न नहीं हो गई? जो न होना था, वह हो गया।"

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) 'जो कुछ होना था हो चुका' का प्रयोग दो अर्थों में हुआ है। डॉक्टर चड्डा और झाड़–फूँक करने वाले दोनों के अनुसार इन पृथक–पृथक अर्थों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

<u>वह सब प्रकार से लोकोत्तर है। उसका उपचार प्रेम और मैत्री है। उसका शास्त्र सहानुभूति और हित-चिन्ता है</u>। वह कुसंस्कारों के अन्धकार को अपनी स्निग्ध ज्योति में भेदता है, मुमूर्षु प्राणाधारा को अमृत का भाण्ड उड़ेलकर प्रवाहशील बनाता है। वह भेदों में अभेद देखता है, नानात्व में एक का संधान बताता है, वह सब प्रकार से निराला है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) 'वह भेदों में अभेद देखता है'; कैसे?

**22.** निम्नांकित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 6

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई।
जाके सिर मोर मुकुट, मेरो पति सोई।
तात मात भ्रात बन्धु, आपनो न कोई॥
छाँड़ि दई कुल की कानि, कहा करिहै कोई॥
सन्तन ढिंग बैठि-बैठि, लोक लाज खोई।
अँसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम बेलि बोई।
अब तो बेल फैल गई, आणन्द फल होई॥
भगति देखि राजी हुई, जगत देखि रोई।
दासी मीराँ लाल गिरधर, तारो अब मोई॥

(अ) कवियत्री अपना सर्वस्व किसे मानती हैं?
(ब) कुल की कानि को कवियत्री ने किस लिए छोड़ दिया है?
(स) कवियत्री को किस बात में प्रसन्नता मिलती है और किस बात पर रोना पड़ता है।

**अथवा**

इन सबसे बढ़कर भूख बिलखती मिट्टी की
पथ पर पथराई आँखें पास बुलाती हैं,
भगवान भूल में रचकर जिनको भूल गया
जिनकी हड्डी पर धर्म-ध्वजा फहराती है।
इनको भूलूँ तो मेरी मिट्टी मिट्टी है
मेरी आँखों का पानी केवल पानी है,
इनको भूलूँ तो मेरा जन्म अकारथ है
मेरा जीना मरने की मूक कहानी है।

(अ) कवि और कविता का नाम लिखिए।
(ब) कवि को किसकी आँखें अपने पास बुलाती हैं?
(स) धर्म-ध्वजा कहाँ फहराती है?

**23.** (क) निम्नलिखित अवतरण का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए:- 4

विनयः हि मनुष्याण भूषणम। विनयशीलः जन सर्वेषां जनानां प्रियः भवति। विनयः सदाचारात् उद्भवति सदाचारात् न केवलं विनयः, अपितु विविधाः अन्येऽपि सद्गुणाः विकसन्ति; यथा-धैर्यम्, दाक्षिण्यम्, संयमः, आत्म विश्वासः, निर्भीकता।

**अथवा**

(पृष्ठ पलटिए)

अनन्तरं श्रीकृष्णः गोपालैः सह वनं गत्वा गाः चारयति, तत्र च वेणुं वादयति, अनेन सर्वाः गावः गोपालश्च सर्वाणि कार्याणि विहाय तस्य वुणेवादनं श्रृण्वन्ति। महाकविः व्यासः संस्कृतभाषायां, भक्तकविः सूरदासः हिन्दीभाषायां तस्य बाललीलायाः अतिसुन्दरं वर्णनम् अकरोत्।

(ख) निम्न पद्यांश का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 4

महोरस्को महेष्वासो गूढजत्रुरिन्दमः।
आजानुबाहुः सुशिराः सुललाटः सुविक्रमः॥

**अथवा**

मनीषिणः सन्ति न ते हितैषिणः,
हितैषिणः सन्ति न ते मनीषिणः।
सुहृच्च विद्वानिपि दुर्लभो नृणाम्,
यथौषधं स्वादु हितं च दुर्लभम्॥

**24.** 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। 5

**अथवा**

विश्वनाथ और रेवती का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**25.** (क) निम्न लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए और उसकी दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए :- 4

(अ) प्रेमचन्द (ब) महादेवी वर्मा

(ख) निम्न कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय दीजिए और उसकी दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए :- 4

(अ) कबीरदास (ब) मीराबाई
(स) जयशंकर प्रसाद।

**26.** अपनी पाठ्यपुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो। 2

**27.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर संस्कृत में लिखिए :- 4

(क) केषाम् आचारः सदाचारः भवति?
(ख) रामदासः कुत्र निवसति?
(ग) कृष्णः कः आसीत्?
(घ) रामकृष्णस्य जन्म कुत्र अभवत्?

**28.** निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ बताते हुये अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- 2

(क) अपना उल्लू सीधा करना (ख) कलेजा ठण्डा होना
(ग) अक्ल बड़ी या भैंस (घ) ऊँट के मुँह में जीरा।

**29.** निम्न में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए :- 4

(क) राम आज आएगा (ख) यह मेरी पुस्तक है
(ग) वे सब दौड़ते हैं (घ) राम के लिए नमस्कार है
(घ) हम हाथों से काम करते हैं।

**30.** आप अस्वस्थ होने के कारण अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक दिन का आकस्मिक अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

विद्यालय में खेल-कूद की समुचित व्यवस्था के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए।